Helpline **1064**

**94135-02834**

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

## ➢ भरतपुर में दो प्रकरणों में कार्रवाई करने की एवज में 15,000/— रुपये रिश्वत लेते सहायक उपनिरीक्षक गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 01 सितम्बर, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी भरतपुर इकाई द्वारा आज ट्रेप कार्रवाई करते हुए आरोपी **गोविन्द मीना, सहायक उपनिरीक्षक, पुलिस थाना अटलबन्ध, जिला भरतपुर** को **15,000/— रुपये** रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी भरतपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के पिता द्वारा दर्ज कराए गए दो मुकदमों में कार्रवाई करने की एवज में आरोपी द्वारा 30,000/— रुपये रिश्वत राशि की मांग कर परिवादी को परेशान किया जा रहा है।

जिस पर ए.सी.बी. रेंज भरतपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री ओमप्रकाश मीणा** के सुपरविजन में **श्री अमित सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**, ए.सी.बी. चौकी भरतपुर के निर्देशन में **श्री महेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक** के नेतृत्व में ट्रेप कार्रवाई आयोजित की गई।

आज दिनांक 01.09.2026 को ट्रेप कार्रवाई के दौरान आरोपी गोविन्द मीना को परिवादी से रिश्वत राशि की प्रथम किस्त के रूप में 15,000/— रुपये लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

ए.सी.बी. की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक पुलिस श्रीमती एस. परिमला** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ एवं अग्रिम कार्रवाई जारी है। ए.सी.बी. द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

—किसी व्यक्ति के विरुद्ध ए.सी.बी. में प्रकरण (अभियोग, प्राथमिक जांच, परिवाद आदि) दर्ज होने पर संबंधित व्यक्ति ए.सी.बी. से सीधे संपर्क कर अपना पक्ष/स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर सकता है। प्रस्तुत स्पष्टीकरण का ए.सी.बी. द्वारा विस्तृत विश्लेषण एवं परीक्षण किए जाने के उपरांत ही अनुसंधान में निर्णय लिया जाना ए.सी.बी. की कार्यप्रणाली का हिस्सा है।

यह जानकारी ए.सी.बी. के नाम/डर का दुरुपयोग कर होने वाली धोखाधड़ी आदि का शिकार होने की संभावना के संदर्भ में महत्वपूर्ण है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **टोल फ्री नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाईन नम्बर 9413502834** पर **24X7** सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।